# Hazaribagh में बड़ी कार्रवाई: 4000 किलो नकली पनीर बरामद, दो बसों से हो रही थी तस्करी



**Hazaribagh:** जिले में नकली पनीर के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने लगभग 4000 किलो नकली पनीर जब्त किया है। यह नकली पनीर पटना से रांची ले जाया जा रहा था और दो प्राइवेट ट्रैवल्स — **बड़ौनी ट्रैवल्स** और **तिवारी ट्रैवल्स** की बसों में छिपाकर लाया जा रहा था।

पूरा खेप बिहार और बंगाल से हजारीबाग पहुंचा था। हजारीबाग से यह दूसरे शहर भेजने की तैयारी चल रही थी। जिला प्रशासन का कहना है कि एक बड़ा गिरोह इसके पीछे काम कर रहा है। जो आधे दाम में पनीर विभिन्न दुकानों में सप्लाई करता है।

*नकली पनीर की तस्करी की सूचना पर हुई कार्रवाई*

इस छापेमारी का नेतृत्व **सदर अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ कुमार** और **खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी चंद्र प्रकाश दुग्गी** ने किया। प्रशासन को पहले से नकली पनीर की तस्करी की सूचना मिली थी, जिसके बाद दोनों अधिकारियों ने टीम के साथ मिलकर कार्रवाई को अंजाम दिया। एसडीओ बैद्यनाथ कामती ने बताया कि कुछ दिनों से लगातार सूचना मिल रही थी कि हजारीबाग में अवैध रूप से नकली पनीर का कारोबार हो रहा है. इस सूचना के आलोक में ही यह कार्रवाई की गई है.

Source: https://22scope.com/large-action-in-hazaribagh-was-smuggled-by-two-buses-recovered-4000-kg-fake-cheese/